
www.keshavtv24.com
UDYAM-BR-0010266
keshavtvbihar@gmail.com



# केशव न्यूज

मंगलवार 14 जनवरी 2025

बर्ष : 1 । अंक : 1

# महाकुंभ 2025 का शुभारंभ प्रयागराज में पौष पूर्णिमा के दिन प्रथम स्नान

संवाददाता केशव न्यूज

महाकुंभ का शुभारंभ पौष पूर्णिमा पर हुआ। मह. ाकुंभ में 1.65 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। संगम क्षेत्र में श्रद्धालुओं भक्तों पर हेलिकॉटर से फूलों की वर्षा की गई। यह महाकुंभ 144 साल बाद दुर्लभ खगोलीय संयोग में हो रहा है।

देश के विभिन्न हिस्सों और 20 देशों से भक्त कुंभ में शामिल होने आए हैं। सुबह से हर घंटे संगम में 2 लाख श्रद्धालु स्नान कर रहे हैं। श्रद्धालु 45 दिन का कल्पवास भी शुरू कर रहे हैं। प्रशासन ने भक्तों की सुविधा और सुरक्षा के लिए संगम तक वाहनों की एंट्री बंद कर दी है। श्रद्धालु 10–12 किलोमीटर पैदल चलकर संगम पहुंच रहे हैं। मेला क्षेत्र में 60 हजार जवान सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं।

संगम क्षेत्र में सुबह से ही भारी भीड़ उमड़ी। पुलिसकर्मी और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान हर चौराहे पर तैनात हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सीसीटीवी और ड्रोन की मदद ली जा रही है। श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए प्रशासन ने पुष्पवर्षा और अन्य व्यवस्थाएं की हैं।

एपल के को–फाउंडर स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पॉवेल जॉब्स ने निरंजनी अखाड़े में अनुष्ठान किया और कल्पवास की तैयारी की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ के पहले स्नान पर सभी को बधाई दी। महाकुंभ में 45 करोड़ से अधिक लोगों के आने का अनुमान है।

रेलवे ने प्रयागराज से 199 स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू किया है, जो हर 10 मिनट पर चल रही हैं। सिविल लाइंस बस अड्डे से बस संचालन बंद कर दिया गया है। परिवहन निगम ने शटल बसों को मुफ्त कर दिया है।

महाकुंभ में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियां देखने को मिल रही हैं। श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई, भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया, और साधु–संतों का आशीर्वाद लिया। भक्तों ने महाकुंभ को विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक आयोजन बताया।

## जर्मनी, ब्राजील, रूस सहित 20 देशों के भक्त महाकुंभ में शामिल हुए



संगम पर सुबह 8 इतने श्रद्धालु पहुंच गए कि पैर रखने की जगह नहीं थी



प्रयागराज महाकुंभ के पहले स्नान की तस्वीरें

ब्राजील के फ्रांसिस्को ने कहा कि वह मोक्ष की खोज में भारत आए हैं। जर्मनी से जितेश प्रभाकर अपने परिवार के साथ पहुंचे और भारतीय संस्कृति से जुड़े रहने की बात कही। साउथ अफ्रीका की निक्की ने महाकुंभ को शक्तिशाली अनुभव बताया। स्पेन के श्रद्धालु ने इसे आध्यात्मिक यात्रा बताते हुए खुद को भाग्यशाली कहा।



प्रयागराज महाकुंभ के पहले स्नान की तस्वीरें

## महाकुंभ में 1.65 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाईं






संगम नोज पर उमड़ा सैलाब







# मंत्री के भाई पर किडनैपिंग का आरोप, मजदूर को गन पॉइंट पर बनाया बंधक, जमीन के कागज पर जबरन अंगूठा लगवाया



संवाददाता केशव न्यूज

बेतिया : बिहार के बेतिया जिले में एक मजदूर के अपहरण का मामला सामने आया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक युवक बंदूक की नोक पर मजदूर को घसीटते हुए काली कार में बैठाकर ले जाता है। आरोप है कि यह युवक बिहार सरकार की एक मंत्री का भाई और भूमाफिया है। घटना शनिवार की है।

पीड़ित मजदूर शिवपूजन महतो, बेतिया के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के महनागनी गांव के रहने वाले हैं। उन्हें एक निजी होटल में दो घंटे तक बंधक बनाकर रखा गया और सफेद कागज पर जबरन अंगूठा लगवाया गया। शिवपूजन का आरोप है कि यह सब उनकी जमीन हड़पने के लिए किया गया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण में इस्तेमाल की गई कार जब्त कर ली। गाड़ी को जेसीबी की मदद से थाने लाया गया। पुलिस ने मंत्री के भाई रवि कुमार उर्फ कीनू के ठिकानों पर छापेमारी की, लेकिन वह फरार है। फिलहाल, पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बेतिया में भूमाफिया राजनीतिक संरक्षण में खुलेआम आपराधिक गतिविधियां चला रहे हैं। वे जबरन लोगों की जमीन हड़पते हैं और विरोध करने पर हिंसा पर उतर आते हैं। इस घटना से भी स्थानीय लोग डरे हुए हैं। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) ने इस घटना को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। आरजेडी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, "मंत्री रेणु देवी के भाई ने गन पॉइंट पर मजदूर का अपहरण किया, पिटाई की, और जमीन के कागजों पर जबरन साइन कराए। यह आदतन अपराधी सत्ता के संरक्षण में खुलेआम अपराध कर रहा है। जो गुंडा और अपराधी है, वही बीजेपी का नेता है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा, बिहार में अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं, लेकिन सरकार कार्रवाई नहीं कर रही है। मंत्री का भाई इस घटना में शामिल है, और उसे सरकार का पूरा संरक्षण मिला हुआ है। यह साबित करता है कि राज्य में 'डीके' का राज चल रहा है। प्रशासन और पुलिस भ्रष्टाचार व अपराध रोकने में पूरी तरह विफल।



# राजगीर में आज होगी पतंगबाजी, राजगीर मकर मेला में रंगारंग कार्यक्रम होंगे, 20 जनवरी को दुधारू पशु प्रदर्शनी

संवाददाता केशव न्यूज

बिहार का प्रसिद्ध धार्मिक और पर्यटन स्थल राजगीर 14 से 20 जनवरी तक मकर मेले की धूम से गूंजेगा। बिहार पर्यटन विभाग, कला संस्कृति, युवा विभाग और जिला प्रशासन नालंदा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस मेले में पतंगबाजी, दुधारू पशु प्रदर्शनी, कृषि मेला, दंगल, सांस्कृतिक कार्यक्रम और कई अन्य मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

14 जनवरी को दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक पतंगबाजी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 20 जनवरी को दोपहर 12 बजे से दुधारू पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

मेला राजगीर के मेला थाना परिसर में आयोजित किया जाएगा। यह मेला स्थानीय कला, संस्कृति, किसानों का उत्पाद और परंपराओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। साथ ही, पर्यटकों को आकर्षित करने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में भी मदद करता है।




कृषि मेला और विभागीय प्रदर्शनी

14 जनवरी को दोपहर 1 बजे से कृषि मेला और विभागीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

दंगल प्रतियोगिता

15 और 16 जनवरी को दोपहर 2 बजे से दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

सांस्कृतिक कार्यक्रम

14 से 20 जनवरी तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अन्य आकर्षण

क्विज, वाद–विवाद, वॉलीबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स, टमटम–पालकी सज्जा, फुटबॉल और क्रिकेट प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।





















इस वर्ष मकर मेले में एक विशेष आकर्षण होगा – दही खाओ प्रतियोगिता। राजगीर में 14 जनवरी को आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को तीन मिनट में अधिक से अधिक दही खाने की चुनौती दी जाएगी। विजेताओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

यह आयोजन न केवल स्थानीय परंपराओं को बढ़ावा देगा बल्कि क्षेत्र में डेयरी उत्पादों की बढ़ती मांग को भी प्रदर्शित करता है। नालंदा डेयरी की यह पहल स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।


















# बिहारशरीफ में बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए दो नए पावर सब–स्टेशन स्वीकृत




संवाददाता केशव न्यूज

बिहारशरीफ शहर की बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए दो नए पावर सब–स्टेशन (पीएसएस) स्थापित करने की मंजूरी दी गई है। इसके लिए नालंदा कॉलेज के पीछे और मणिबाबा तालाब के पास स्थान निर्धारित किया गया है। प्रत्येक सब–स्टेशन की क्षमता 20 एमवीए होगी, जिसमें 10–10 एमवीए के दो ट्रांसफॉर्मर लगाए जाएंगे।

विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता, विकास कुमार ने जानकारी दी कि इन परियोजनाओं के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दोनों सब–स्टेशन का निर्माण कार्य एक वर्ष के भीतर पूरा करने का लक्ष्य है।

वर्तमान में शहर में रामचंद्रपुर, बड़ी पहाड़ी, सोहसराय और चौनपुरा में चार पावर सब–स्टेशन संचालित हैं। लेकिन शहर के विस्तार और गर्मियों में बिजली की अधिक मांग के चलते कई क्षेत्रों में ट्रिपिंग और विद्युत आपूर्ति में बाधाएं उत्पन्न होती हैं। इन नए पावर सब–स्टेशनों की स्थापना से पूर्वी और दक्षिण–पूर्वी इलाकों में ट्रिपिंग की समस्या का स्थायी समाधान होगा।

नालंदा कॉलेज के पास बनने वाले सब–स्टेशन से रेलवे–वन और टू फीडर से जुड़े उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति होगी। वहीं, मणिबाबा क्षेत्र के उपभोक्ताओं को मणिराम पीएसएस से जोड़ा जाएगा। दोनों सब–स्टेशनों को रिंग सिस्टम के माध्यम से जोड़ा जाएगा, जिससे बिजली आपूर्ति अधिक सुचारू और भरोसेमंद होगी।

इसके साथ ही, हिलसा में जिले का सातवां पावर ग्रिड (132/33 केवी) स्थापित करने की योजना भी स्वीकृत हो गई है। यह पावर ग्रिड हिलसा विधानसभा क्षेत्र के पांच प्रखंडों – परवलपुर, थरथरी, करायपरसुराय, हिलसा और नगरनौसा में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगा।

नए सब–स्टेशन और पावर ग्रिड की परियोजनाएं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की स्वीकृति से आगे बढ़ाई गई हैं। हिलसा पावर ग्रिड की स्थापना स्थानीय विधायक कृष्ण मुरारी शरण की पहल पर स्वीकृत की गई है।




# नालंदा में स्कूली वाहन दुर्घटनाग्रस्त 6 बच्चे घायल, 2 की हालत गंभीर

संवाददाता केशव न्यूज

नालंदा जिले के छबीलापुर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक स्कूली वाहन अनियंत्रित होकर 10 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में वाहन में सवार छह बच्चे घायल हो गए, जिनमें से दो बच्चों को गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायल बच्चों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया है।

यह हादसा सिलाव–गोरौर पथ पर छबीलापुर थाना क्षेत्र के कहटा गांव के पास हुआ। नेपुरा गांव स्थित आवासीय जीनियस पब्लिक स्कूल के छात्र वाहन में सवार होकर पढ़ाई के लिए स्कूल जा रहे थे। अचानक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खाई में गिर गया।

घटना में घायल बच्चों को स्थानीय लोगों ने तुरंत खाई से बाहर निकाला और उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाया।





गंभीर रूप से घायल दो बच्चों को बेहतर इलाज के लिए निजी क्लिनिक में भेजा गया। हादसे के बाद न तो बच्चों के परिजन सामने आए हैं और न ही स्कूल प्रबंधन ने इस पर कोई प्रतिक्रिया दी है। फिलहाल, सभी घायल बच्चों का इलाज उनके परिजन निजी स्तर पर करवा रहे हैं।

छबीलापुर थानाध्यक्ष मुरली आजाद ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। खाई में स्कूल वाहन क्षतिग्रस्त हालत में मिला। हालांकि, परिजन बच्चों को इलाज के लिए ले जा चुके थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आवेदन मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सभी ने राहत और बचाव कार्य में मदद की। यह हादसा क्षेत्र में सुरक्षा मानकों और स्कूली वाहनों की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

## लाइंस के संस्थापक लायन मेल्विन जॉन्स का जन्मदिन मनाया गया



बिहार शरीफ – आज शहर के स्लम एरिया में लायंस क्लब के संस्थापक लायन मेल्विन जॉन्स साहब का जन्मदिन बहुत धूमधाम से मनाया गया ! इस खुशियों के मौके मकर संक्रांति और लोहड़ी पर्व को देखते हुए जरूरतमंद गरीबों के बीच चुडा,गुड,तिलकुट और दही का वितरण किया गया!! क्लब के अध्यक्ष रवि शंकर कुमार गुप्ता ने कहे की जॉन्स साहब हमेशा गरीबों के खुशी के बारे में सोचते थे !! हम लोग मिलकर वही सोच अपनाए समाज के वंचित लोगों के ऊत्थान के बारे में तो समाज और देश बहुत आगे बढ़ेगा!

इस प्रोजेक्ट में उपाध्यक्ष प्रोफेसर संजय कुमार, जोन चेयर पर्सन रविकिशोर बरनवाल, प्रोजेक्ट चेयरपर्सन दिवाकर सिंह, विवेक कुमार बरनवाल, मुकेश कुमार मेहता, धर्मवीर मेहता, प्रदीप कुमार ,राज रोशन, शिव शंकर कुमार, रंगेश कुमार शर्मा, प्रहलाद कुमार, राजीव कुमार सिंह एवं अन्य सदस्य अपना योगदान दिए

## पूर्वी भारत विज्ञान मेला में नालंदा के छात्रों ने लहराया परचम

संवाददाता केशव न्यूज

विगत 7 से 10 जनवरी तक कोलकता स्थित बिरला इंडस्ट्रियल एंड टेक्नोलॉजिकल म्यूजियम में आयोजित पूर्वी भारत विज्ञान मेला में नालंदा जिले के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की। रास बिहारी प्लस टू स्कूल की छात्रा अराधना कुमारी और सीता शरण मेमोरियल स्कूल के छात्र शिवम कुमार ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। नालंदा लौटने के बाद रास बिहारी प्लस टू उच्च विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जहां दोनों छात्रों को मेमेंटो और नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नालंदा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रंजीत कुमार ने कहा कि नालंदा के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय देकर जिले का गौरव बढ़ाया है। इस मौके पर मोहनपुर मत्स्य हैचरी के संचालक और बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहयोग संघ पटना प्रमंडल के निदेशक शिवनंदन प्रसाद उर्फ शिवजी ने कहा कि नालंदा हमेशा से ज्ञान की भूमि रही है।




उन्होंने छात्रों की उपलब्धि को सराहते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता छात्र–छात्राओं के लिए अपनी शोध परियोजनाओं को प्रस्तुत करने और प्रतिभा दिखाने का एक बेहतरीन मंच था।

रास बिहारी प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य और जिला समन्वयक शैलेंद्र प्रसाद ने बताया कि अराधना कुमारी ने 'शून्य अपशिष्ट जैविक कृषि विपणन' पर शोध परियोजना प्रस्तुत कर सफलता हासिल की, जबकि सीता शरण मेमोरियल स्कूल के शिवम भारती ने 'अपशिष्ट प्रबंधन से गणितीय आकृतियों के शिक्षण' पर अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। दोनों छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है। शैलेंद्र प्रसाद ने यह भी बताया कि अराधना कुमारी की सहयोगी छात्रा शलोनी कुमारी को भी सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि नालंदा में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो केवल उन्हें निखारने की। कार्यक्रम में नालंदा खंडहर के सुनील कुमार, वार्ड सदस्य सुजीत कुमार, शिक्षक दीपक कुमार, उपेंद्र मिस्त्री, रविंद्र कुमार, यादव खालिद हुसैन, रंजन कुमार, राकेश रंजन पांडे, पद्मावती पूनम, नीलम कुमारी, माधुरी प्रसाद, रजनी कुमारी, दीपू कुमार, बृजभूषण रमन, अर्पणा कुमारी, अर्चना कुमारी, संतोष कुमार, और सीता कुमारी सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यह सम्मान समारोह न केवल छात्रों के लिए प्रेरणादायक था, बल्कि यह इस बात का प्रमाण भी है कि नालंदा जिले में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उनके योगदान और मेहनत से जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर और भी ऊंचाइयों पर पहुंचेगा।












# लोकतांत्रिक जन विकास पार्टी की बैठक में संगठन विस्तार और आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा

संवाददाता केशव न्यूज

लोकतांत्रिक जन विकास पार्टी की बैठक चंडी प्रखंड कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरमान देव उर्फ मुकेश धानुक उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरविंद धानुक ने की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अरमान देव ने अपने संबोधन में पार्टी के संगठन को सशक्त बनाने और विस्तार पर बल दिया। उन्होंने कहा कि 2025 के बिहार विध. ानसभा चुनावों में पार्टी को मजबूती से उतरने की आवश्यकता है। इसके लिए सभी प्रखंड मुख्यालयों में बैठक आयोजित कर संगठन के विस्तार को प्राथमिकता दी जाएगी।

राष्ट्रीय सचिव महेंद्र प्रसाद यादव ने पार्टी को मजबूत बनाने के लिए योजनाओं पर विशेष चर्चा की। इस्लामपुर विधानसभा के भावी प्रत्याशी





और प्रदेश महासचिव सीताराम सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि पार्टी नालंदा जिले की सभी सातों विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने वर्तमान सरकार पर भ्रष्टाचार और गरीब विरोधी नीतियों का आरोप लगाते हुए पार्टी की भूमिका को शोषित और वंचित वर्ग के अधिकारों के लिए महत्वपूर्ण बताया। प्रदेश उपाध्यक्ष विरमणि मंडल ने अति पिछड़ा और दलित वर्ग के उत्थान पर जोर दिया। उन्होंने ष्अति पिछड़ा जगाओ, बिहार बचाओष अभियान के तहत शैक्षणिक, आर्थिक, और राजनीतिक समानता को प्राथमिकता देने की बात कही। बैठक में पार्टी के विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गईं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अरमान देव ने सुबोध सिंह को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया। जिला अध्यक्ष अरविंद धानुक ने मिथिलेश कुमार और अजय कुमार को जिला सचिव (नालंदा), योगेंद्र साव को प्रखंड अध्यक्ष (चंडी), रिक्की कुमार को नगर अध्यक्ष (चंडी), दुलारचंद पासवान को अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष (चंडी), और विकास कुमार को प्रखंड अध्यक्ष (हिलसा) नियुक्त किया। इस बैठक में कमलेश कुमार, नवीन कुमार, अर्जुन प्रसाद, श्याम किशोर प्रसाद यादव, सुबोध कुमार, अर्जुन पासवान, ललन शर्मा, अजीत कुमार, सुभाष प्रसाद चंद्रवंशी, राजाराम प्रसाद, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभा के अंत में चूड़ा, दही, तिलकुट और आलू–गोभी–मटर की सब्जी के साथ आयोजन का समापन हुआ। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुटने का संकल्प लिया।

## पावापुरी के शशिकांत ने मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता में जीता दूसरा स्थान



पटना में आयोजित अंतरराज्यीय मिस्टर इंडिया बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में पावापुरी के शशिकांत कुमार ने दूसरा स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में बंगाल, झारखंड और विभिन्न राज्यों के प्रतिभाशाली युवाओं ने अपनी क्षमता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता पटना के रामदेव सामुदायिक भवन में आयोजित हुई, जहां गिरियक प्रखंड के पुरणबीघा गांव निवासी उमेश गिरी के पुत्र शशिकांत कुमार ने मेन फिजिक्स श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

शशिकांत की इस उपलब्धि से उनके परिवार और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके पिता उमेश गिरी ने उनकी सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आशा जताई कि शशिकांत आने वाले समय में क्षेत्र का नाम और ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

शशिकांत के कोच सौरभ कुमार ने बताया कि उन्हें बचपन से ही बॉडी बिल्डिंग का शौक था। अपने जुनून और समर्पण के बल पर उन्होंने इस प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त की। कोच ने यह भी विश्वास जताया कि शशिकांत भविष्य में जिले के लिए और भी मेडल लाकर नई पीढ़ी को प्रेरित करेंगे।

## 230 वारंटियों के खिलाफ मोतिहारी में बड़ी कार्रवाई, 12 बदमाशों ने किया सरेंडर, ऑपरेशन कुर्की जारी रहेगा

संवाददाता केशव न्यूज

मोतिहारी में अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए 'ऑपरेशन कुर्की' चलाया। एसपी स्वर्ण प्रभात के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 238 वारंटियों के घरों पर कुर्की–जब्ती की कार्रवाई की गई। इस सख्ती का असर यह हुआ कि 12 बदमाशों ने डर के कारण आत्मसमर्पण कर दिया।

एसपी स्वर्ण प्रभात ने स्पष्ट किया कि यह अभियान जारी रहेगा। वारंटियों को अदालत से जमानत लेने या कड़ी कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहने की अंतिम चेतावनी दी गई है। उन्होंने कहा कि कानून से बचने का कोई रास्ता नहीं है।

31 साल से फरार रंगलाल साह और उनके बेटे सुनील कुमार ने बंजरिया थाना क्षेत्र में कुर्की के डर से आत्मसमर्पण किया। संग्रामपुर थाना क्षेत्र में 2013 से फरार ड्रग माफिया शिवनाथ ने भी सरेंडर कर दिया।



केसरिया थाना क्षेत्र में रेप केस के आरोपी रामबालक महतो और मर्डर केस में 13 साल से फरार पूर्व मुखिया रविंद्र मिश्रा के घर कुर्की की गई। छतौनी थाना क्षेत्र में नवजात बच्चे के अपहरण के मामले में फरार सुशीला देवी को कुर्की के दौरान गिरफ्तार किया गया। बदमाश अमित कुमार ने भी पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

'ऑपरेशन कुर्की' के तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस का कहना है कि यह अभियान अपराध और अपराधियों को खत्म करने के लिए लगातार जारी रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जिले में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। कानून व्यवस्था बनाए रखने और शांति स्थापित करने के लिए इस तरह की कार्रवाई को और तेज किया जाएगा।











